महत्वपूर्ण एवं खास

मंत्रिपरिषद की बैठक संपन्न

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में आज यहां उनके निवास कार्यालय में मंत्रिपरिषद की बैठक आयोजित हुई। बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। मंत्रिपरिषद की बैठक में राज्य के शैक्षणिक संस्थाओं में पूर्व प्रचलित आरक्षण व्यवस्था के अन्तर्गत प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने का निर्णय लिया गया। उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली द्वारा राज्य शासन की ओर से दायर एसएलपी में पारित अंतरिम आदेश दिनांक एक मई 2023 के अंतर्गत राज्य में पूर्व प्रचलित आरक्षण व्यवस्था अनुसार नियुक्ति / चयन प्रक्रियाओं को जारी रखने हेतु अंतरिम राहत प्रदान की गई है। इस अंतरिम आदेश के अनुरूप ही, अंतरिम तौर पर, मंत्रिपरिषद की बैठक में राज्य की शैक्षणिक संस्थाओं में भी प्रवेश प्रक्रिया पूर्व प्रचलित आरक्षण व्यवस्था अंतर्गत करने का निर्णय लिया गया है।

रायपुर पुलिस का अपराधियों के खिलाफ अभियान जारी

रायपुर (आरएनएस)। स्वतंत्रता दिवस को दृष्टिगत रखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशानुसार अपराधों की रोकथाम, अपराधियों पर नकेल कसने सहित सुरक्षा व शांति व्यवस्था के मद्देनजर जिले में चलाया गया विशेष अभियान। गुण्डा बदमाश, निगरानी बदमाश, संदिग्ध व्यक्ति, असमाजिक तत्वों, अड्डेबाजों सहित अपराधों में संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध चलाया गया विशेष अभियान। अलग-अलग थानों में कुल 60 आरोपियों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्यवाही करने के साथ-साथ 1 आरोपी के विरूद्ध आबकारी एक्ट एवं 2 आरोपियों के विरूद्ध आम्र्स एक्ट के तहत कुल 63 आरोपियों को भेजा गया जेल। रायपुर पुलिस का यह अभियान कार्यवाही लगातार रहेगा जारी। स्वतंत्रता दिवस को दृष्टिगत रखते हुए सुरक्षा व शांति व्यवस्था सहित अपराधों की रोकथाम एवं अपराधियों पर नकेल कसने के मद्देनजर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल के निर्देशानुसार को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर/अपराध अभिषेक माहेश्वरी के नेतृत्व में समस्त नगर पुलिस अधीक्षकों के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थाना के बलों सहित एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम के साथ अपने-अपने थाना क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाते हुए गुण्डा बदमाश, निगरानी बदमाश, संदिग्ध व्यक्ति, असमाजिक तत्वों एवं अपराधों में संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया गया। अभियान कार्यवाही के दौरान आज दिनांक 05.08.2023 को पुलिस टीमों द्वारा थाना खरोरा से 1 आरोपी के विरूद्ध आबकारी एक्ट, इसी प्रकार थाना गंज से 2 आरोपियों के विरूद्ध आम्र्स एक्ट पर कार्यवाही करने के साथ-साथ कुल 60 गुण्डा/निगरानी बदमाश, असमाजिक तत्वों, अपराधों से संलिप्त व्यक्तियों एवं संदिग्ध व्यक्तियों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्यवाही कर आरोपियों को जेल भेजा गया।

छत्तीसगढ़ सरकार गायों के संरक्षण और संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध

कोरबा (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष पंडित राम सुंदर दास का इन दिनों पूरे छत्तीसगढ़ में प्रवास चल रहा है। इस दौरे के बीच एक दिवसीय दौरा दीपका में हुआण् जहां जिला पशु क्रूरता निवारण समिति के आजीवन सदस्य रजनीश तिवारी जी के निवास पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में गौ माता के संरक्षण और संवर्धन को लेकर राज्य के हर एक जिले में जा रहे है। इसी तारतम्य में कोरबा जिले के कटघोरा विधानसभा के दीपका दौरे के दौरान पंडित राम सुंदर दास ने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार गायों के संरक्षण और संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध है इसलिए ही सरकार के द्वारा पूरे राज्य में सरकार बनने के बाद अब तक 11000 गांव मे गोठानो का निर्माण किया जा चुका है जिसमें गायों को पालने की उचित व्यवस्था की जा रही है जिसकी प्रशंसा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी भी कर चुके हैं शमैं मनसा वाचा कर्मणा के सिद्धांत को अपनाते हुएश् राज्य सरकार ने जो मुझे जिम्मेदारी दी है उसे उसका पूरी तरह से निर्वहन कर रहा हूं। उक्त दौरे में दीपका के कांग्रेसी कार्यकर्ता एवं गौ सेवा आयोग कोरबा जिले के आजीवन सदस्य रजनीश तिवारी एवं समाजसेवी कार्यकर्ता मौजूद थे।

मेरी माटी मेरा देश अभियान की शुरूआत कल से

- आजादी का अमृत महोत्सव का समापन 30 अगस्त को नई दिल्ली में
- शिलापलकम, पंचप्राण, वसुधा वंदन और मिट्टी यात्रा जैसे अनेक कार्यक्रमों से जुड़ेंगे ग्रामीण एवं शहरवासी

रायपुर। मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत प्रदेश के सभी जिलों में शहरी क्षेत्रों से लेकर ग्राम पंचायत स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान की शुरूआत 9 अगस्त से होंगी और 30 अगस्त तक चलेगा। इसके लिए संस्कृति विभाग द्वारा सभी आवश्यक तैयारी कर ली गई है। इस संबंध में मंत्रालय स्थित संस्कृति विभाग द्वारा पंचायत एवं ग्रामीण विकास, गृह, वन एवं जलवायु परिवर्तन, स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, नगरीय प्रशासन, एवं विकास, जनसम्पर्क विभाग और खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव, विशेष सचिव सहित आवासीय आयुक्त छत्तीसगढ़ भवन नई दिल्ल तथा प्रदेश सभी कलेक्टरों को परिपत्र जारी कर दिया गया है। ग्राम पंचायत स्तर पर मेरी माटी मेरा देश अभियान के दौरान शिलापलकम (शिला पट्टिका) की स्थापना किया जाएगा। जिसमें देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वालों वीरों को श्रद्धांजलि दी जाएगी।

उल्लेखनीय है कि केंद्र एवं राज्य शासन के निर्देशानुसार देश की आजादी के 75 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आजादी का अमृत महोत्सव पूरे देश में मनाया जा रहा है। गत दो वर्षो से चल रहे इस कार्यक्रम का समापन मेरी माटी मेरा देश अभियान के रूप में 30 अगस्त को नई दिल्ली में होगा।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े वीरों का सम्मान करना है, जिन्होंने हमारे भविष्य के लिए अपना वर्तमान त्याग दिया। इन वीरों के सम्मान में प्रदेश के सभी पंचायतों से मिट्टी एकत्रित कर कर्तव्य पथ दिल्ली में आजादी का अमृत महोत्सव स्मारक और एक अमृत वाटिका निर्मित कर देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीरों को सम्मानित किया जाना है। कार्यक्रम मुख्य रूप से दो भागो में होगा जिसमें प्रथम पंचायत स्तरीय कार्यक्रम एवं द्वितीय मिट्टी यात्रा जो पंचायत से जनपद पंचायत और दिल्ली तक होगा।

मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत प्रदेश के सभी जिलों में पंचायत एवं नगरी निकाय क्षेत्रों में 9 से 15 अगस्त तक होंगे। 12 से 20 अगस्त तक जनपद स्तर पर और 21 से 26 अगस्त तक स्थान की पहचान कर्तव्य पथ पर स्मारक निर्माण किया जाएगा इसी प्रकार 27 से 28 अगस्त युवा दल को दिल्ली पहुंचना एवं 29 से 30 अगस्त कर्तव्य पथ पर अंतिम कार्यक्रम के आयोजन में प्रधानमंत्री द्वारा अमृत वाटिका में पौधारोपण करते हुए आजादी का अमृत महोत्सव स्मारिका को राष्ट्र को समर्पित किया जाएगा।

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी जिन्होंने देश के लिए अपना बलिदान दिया, देश की रक्षा से जुड़े हुए जवानों और केंद्रीय अर्धसैनिक बल और राज्य पुलिस बल से जुड़े हुए जवानों ने, जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति दी उनका नाम इस शिलापलकम में रहेगा। इस शिलापलकम का लोकार्पण अगस्त महीने में 9 से 15 अगस्त 2023 के मध्य प्रत्येक ग्राम पंचायतों में किया जाएगा। कार्यक्रम में ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान का गायन होगा और इसमें प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए संदेश उल्लेखित होंगे। शिलापलकम की स्थापना महात्मा गांधी नरेगा योजना अंतर्गत निर्मित अमृत सरोवर के पास की जाएगी तथा जिन ग्राम पंचायतों में अमृत सरोवर नहीं है वहां पर पंचायत भवन अथवा शाला भवनों में किया जाएगा।

इसी तरह पंचप्राण की शपथ एवं सेल्फी कार्यक्रम का आयोजन प्रत्येक ग्राम पंचायत में होगा। कार्यक्रम में भाग लेने वाले मुट्ठी भर मिट्टी या मिट्टी का दिया हाथ में लेकर पंचप्राण की शपथ लेंगे। इस दौरान वसुधा वंदन कार्यक्रम का आयोजन भी होगा, जिसमें ग्राम पंचायत के द्वारा ज्यादा समय तक टिकाऊ पौधों का रोपण किया जाएगा। यह पौधरोपण 75 साल के स्वतंत्रता के उपलक्ष्य में प्रत्येक ग्राम पंचायतों में होगा। वृक्षारोपण कार्यक्रम के लिए वन विभाग एवं उद्यानिकी विभाग द्वारा नर्सरी के माध्यम से पौधों की व्यवस्था की जाएगी।

प्रत्येक पंचायतों में कार्यक्रम के समय स्वतंत्रता सेनानियों एवं वीरो के परिवारों को स्थानीय परंपरा के अनुसार सम्मानित किया जाएगा। वसुधा वंदन के साथ वीरों का वंदन होगा। इस दौरान ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान गाया जाएगा। मिट्टी यात्रा युवा वॉलिंटियर के माध्यम से प्रत्येक गांव से मिट्टी जनपद पंचायत स्तर पर कलश में एकत्रित की जाएगी, जिसे देशभर के 7500 युवाओं के साथ दिल्ली मिट्टी कलश में अंतिम कार्यक्रम में लाया जाएगा। आजादी का अमृत महोत्सव के समापन अवसर पर 30 अगस्त को कर्तव्य पथ पर अमृत वाटिका में पौधारोपण के साथ प्रधानमंत्री जी द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव स्मारिका राष्ट्र को समर्पित किया जाएगा।

ट्रेनों के अनियमित परिचालन को लेकर मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को लिखा पत्र

- ट्रेनों के निरस्त और विलंब से चलने के कारण प्रदेशवासियों को हो रही परेशानी का किया जिक्र
- छत्तीसगढ़ के दूरस्थ अंचलों में रहने वाले लोगों को हो रही दिक्कतों से कराया अवगत
- ट्रेनों के सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए रेल मंत्रालय को निर्देश देने का किया आग्रह

रायपुर(आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली यात्री गाडिय़ों के अनियमित परिचालन से राज्य के लाखों नागरिकों को हो रही समस्याओं से अवगत कराया है। मुख्यमंत्री बघेल ने पत्र में लिखा है कि रेलवे द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना के कभी भी बड़ी संख्या में यात्री ट्रेनों को निरस्त करने की सूचना जारी कर दी जाती है निरस्त ट्रेनें कब तक निरस्त रहेगी, इसकी भी जानकारी यात्रियों को नहीं दी जाती। यात्री ट्रेनों की निरस्ती के अलावा ट्रेनों के अत्यधिक विलम्ब से चलने से भी रेल यात्रियों को कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मेरे द्वारा पूर्व में रेल मंत्री जी को भी अनेक अवसरों पर यात्री ट्रेनों के सुचारू परिचालन हेतु ध्यान आकर्षित कराया गया, किन्तु उससे स्थिति में कोई सुधार परिलक्षित नहीं हो रहा है।

मुख्यमंत्री बघेल ने प्रधानमंत्री मोदी को अपने पत्र के माध्यम से कहा है कि ट्रेनों के इस तरह असामान्य संचालन से छात्रों, तीर्थयात्रियों, मरीजों, रोजगार के लिये राज्य में आने वाले व्यक्तियों, व्यवसायियों, श्रमिकों तथा परीक्षार्थियों के अनेक पूर्व निर्धारित कार्यो का सम्पादन संभव नहीं हो पा रहा है। राज्य की अर्थव्यवस्था पर भी धीरे-धीरे इसका प्रभाव दिखने लगा है। लम्बी अवधि से ट्रेनों के निरस्त होने तथा विलम्ब से चलने के कारण राज्यवासियों में आक्रोश व्याप्त है तथा जिससे सरकार और रेल्वे की विश्वसनीयता पर प्रश्न चिन्ह लगने लगे हैं।

बघेल ने पत्र में लिखा है कि राज्य की भौगोलिक परिस्थितियों के कारण छत्तीसगढ़ में ट्रेनों का घनत्व राष्ट्रीय औसत से बहुत कम है तथा दूरस्थ अंचलों में रहने वाले लोगों के लिये यात्री ट्रेनें ही आवागमन का एकमात्र सुलभ साधन है। देश के अन्य किसी भी राज्य में यात्री ट्रेनों के संचालन संबंधी इतनी अव्यवस्थायें संभवत: नहीं होगी। स्थिति की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुये आपसे अनुरोध है कि आपके स्तर से रेलवे मंत्रालय को राज्य की यात्री ट्रेनों के पूर्ववत सुचारू परिचालन सुनिश्चित करने के निर्देश देने का कष्ट करें ताकि राज्यवासियों को हो रही समस्याओं का अंत हो तथा उनके आक्रोश को शांत किया जा सके।

छत्तीसगढ़ स्टेट सुब्रतो कप फुटबॉल कप जीतकर नवोदय विद्यालय कांकेर की टीम ने बढ़ाया जिले का मान

उत्तर बस्तर कांकेर। जवाहर नवोदय विद्यालय कांकेर की टीम ने पहली बार नवोदय विद्यालय समिति के तत्वावधान में आयोजित सुब्रतो कप में अंडर-17 ग्रुप में विपक्षी टीम को 4-0 से हराकर सुब्रतो कप अपने नाम किया। इस बार सुब्रतो कप जवाहर नवोदय विद्यालय सरायपाली महासमुंद में आयोजित हुआ था, जहां छत्तीसगढ़ राज्य की 7 टीमों ने हिस्सा लिया था। नॉकआउट मैचों में जीत हासिल करते हुए जवाहर नवोदय विद्यालय करप कांकेर की टीम फाइनल में जा पहुंची, जहां शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम ने टूर्नामेंट को अपने नाम किया। मेघनाथ को फुटबॉलर ऑफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार दिया गया। रीजनल लेवल फुटबॉल टूर्नामेंट के लिए अब विजेता टीम कटक जाएगी, जहां उसका सामना मध्य प्रदेश-1, मध्य प्रदेश -2 और ओडिशा की टीमों से होगा।

जवाहर नवोदय विद्यालय करप कांकेर की प्राचार्य जयंती पी.गोपाल ने इसे गौरव का क्षण बताया और विद्यालय के सभी शिक्षकों को बधाई दी।

सड़कों पर पशुओं के कारण हो रही दुर्घटनाओं को रोकने किए जायें जरूरी प्रयास

रायपुर। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य की सड़कों पर आवारा पशुओं के कारण हो रही दुर्घटनाओं को रोकने के लिए माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में गठित समिति की तृतीय बैठक सम्पन्न हुई।

मुख्य सचिव ने सड़कों पर पशुओं के आने से हो रही दुर्घटनाओं को रोकने के लिए पूर्व बैठक में दिए गए निर्देशों तथा एजेंडा बिंदुओं पर पशुपालन विभाग ,नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग तथा ग्रामीण विकास एवं पंचायत विभाग द्वारा अब तक की गई कार्यवाही की विस्तार से समीक्षा की। राज्य की ऐसी चिन्हांकित सड़कें जहां प्रायः पशुओं का सड़क पर विचरण होता है इन कैचमेंट एरिया में आने वाली ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों की सूची के मैपिंग कार्य को अद्यतन करने के निर्देश दिए गए। साथ ही जहां पर पशुओं को रखा जाना है ,वह स्थान तथा पहुंच मार्ग सूखा होना चाहिए यह सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए है। विभागो द्वारा अवगत कराया गया कि पशुपालकों एवं जन सामान्य को पशुओं के सड़कों पर आने से होने वाली दुर्घटनाओं के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा चिन्हांकित स्थानों पर स्टॉफ लगाने के कार्य की प्रगति से अवगत कराया गया। बैठक में अन्य राज्यों में पशुओं को सड़कों पर आने से रोकने के बेस्ट प्रैक्ट्सि का अध्ययन करने के पश्चात मुख्य बिदुओ से अवगत कराया गया।

आठ साल से रायपुर एयरपोर्ट पर खड़ा है बांग्लादेशी विमान, सवा तीन करोड़ पहुंच चुका किराया

रायपुर, 07 अगस्त (आरएनएस)। राजधानी के स्वामी विवेकानंद विमानतल में आपातकाल में उतारे गए बांग्लादेशी विमान को यहां रखे सात अगस्त को आठ वर्ष पूरे हो जाएंगे। इन आठ वर्षों में इस विमान का किराया लगभग सवा तीन करोड़ पहुंच गया है।

होने वाली है बांग्लादेशी विमान की नीलामी- बताया जा रहा है कि रायपुर विमानतल अथारिटी द्वारा इस विमान की नीलामी की तैयारी की जा रही है। विमानतल अथारिटी ने बांग्लादेशी कंपनी को नोटिस जारी कर दिया है। नीलामी के लिए कंपनी के जवाब का इंतजार है। वहीं विमानतल अथारिटी द्वारा अपने कानूनी सलाहकारों से इस संबंध में चर्चा की जा रही है। रायपुर विमानतल के निदेशक प्रवीण जैन ने बताया कि बांग्लादेशी कंपनी का जवाब आते ही नीलामी की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

यह था पूरा मामला- जानकारी के अनुसार 173 यात्रियों के साथ ढाका से मस्कट जाने के दौरान सात अगस्त 2015 को एमडी 83 विमान में खराबी आ गई थी। आपात स्थिति में इस विमान की लैंडिंग रायपुर विमानतल में करवाई गई और दूसरे दिन यात्रियों को दूसरे विमान से भेजा गया। उसके बाद से यह बांग्लादेशी विमान रायपुर विमानतल में ही खड़ा है।

2019 में खसकाया गया था 300 मीटर- बताया जा रहा है कि वर्ष 2019 में बांग्लादेशी विमानन कंपनी के विशेषज्ञ रायपुर पहुंचे थे और उन्होंने इस विमान को 300 मीटर खिसकाया था। उन विशेषज्ञों ने कहा था कि विमान को जल्द से जल्द ले जाया जाएगा।

70 से अधिक बार लिखे जा चुके पत्र व ईमेल- रायपुर विमानतल अथारिटी द्वारा बांग्लादेशी कंपनी को वर्ष 2015 से लेकर अब तक 70 बार से अधिक पत्र लिखे जा चुके है। इसके साथ ही ईमेल किए जा चुके है। इस बार रायपुर विमानतल अथारिटी ने नीलामी को लेकर बांग्लादेशी कंपनी को नोटिस जारीकिया है और कंपनी के जवाब का इंतजार बना हुआ है।

खूंखार तेंदुआ मवेशियों को बना रहा शिकार, हमले से एक मवेशी की मौत

गरियाबंद (आरएनएस)। जिले में इन दिनों तेंदुए और हाथी के आतंक से ग्रामीणों में दहशत का आलम है. अलग-अलग स्थानों में तेंदुआ लगातार देखा जा रहा है. पहले गरियाबंद शहर से लगे सर्किट हाउस के पास तेंदुआ देखा गया. जिसे ट्रैक करने वन विभाग ने ट्रैप कैमरा लगाया है तो तेंदुआ पाण्डुका थाना परिसर में देखा गया है. तेंदुआ मवेशियों को अपना शिकार बना रहा है. वहीं हाथियों के उत्पात से ग्रामीणों में डर का माहौल है।

पाण्डुका थाना के पास ग्रामीण उस वक्त से दहशत में है. जब एक तेंदुआ गांव के करीब पहुंच गया और एक कुत्ते का शिकार करते ग्रामीणों ने देखा. तेंदुआ एक घर की ओर भी जाते दिखा. जहां मौजूद लोग डर गए एक मवेशी को दौड़ाते भी देखा गया है. इसके साथ ही आज सुबह पांडुका क्षेत्र के ही ग्राम मुरमुरा में लोगों ने देखा कि गांव के करीब तीन चार मवेशियों का शिकार करने की कोशिश तेंदुए ने किया है. वही एक मवेशी की तेंदुए के हमले से मौत हो गई है. इस घटना के बाद से ही ग्राम मुरमुरा के लोगों में डर बना हुआ है.

गरियाबंद में वन विभाग की टीम तेंदुए पर नजर बनाकर रखी थी की अब मुरमुरा से उन्हें सूचना मिली कि जहां एक तेंदुए ने मवेशियों को अपना शिकार बनाया है. इसकी सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मुरमुरा के इलाके में पहुंचकर तमाम ग्रामीणों को अलर्ट रहने को कहा है. वही जंगल जाने वाले ग्रामीणों को जंगल में नहीं जाने की चेतावनी दी गई है. मुरमुरा और पांडुका क्षेत्र घने जंगल से घिरा हुआ है. आसपास पहाडिय़ा है जहां अक्सर तेंदुए की आमद रहती है।

मुरमुरा में मवेशियों का शिकार हो रहा है. इससे यही लग रहा है कि तेंदुआ जंगल से निकलकर शिकार के लिए रिहायसी इलाकों में आ रहा है।

तेंदुए के साथ-साथ अब हाथियों का भी क्षेत्र में विचरण बढ़ गया है. पांडुका क्षेत्र में दो दंतैल हाथी जमकर आतंक मचा रहे हैं. सांकरा मुरमुरा विजयनगर सहित दर्जन भर रिहायसी इलाकों में हाथियों की गतिविधि है. वन विभाग और हाथी मित्र की टीम लगातार हाथियों पर नजर बनाकर रखे हुए हैं. हाथी धान के फसल के साथ सब्जी के फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं. वन विभाग तेंदुआ और हाथी पर नजर बना कर ग्रामीणों को अलर्ट कर दिया है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुरे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

राज्य सरकार कल ब्यापक स्तर पर मनाएगी विश्व आदिवासी दिवस

- जिला स्तर पर कार्यक्रमों के लिए मुख्य अतिथि तय
- सरगुजा और बस्तर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे मुख्यमंत्री

रायपुर। राज्य सरकार 09 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस को छत्तीसगढ़ में व्यापक स्तर पर मनाने का निर्णय लिया है, जिसके लिए प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मंत्रालय सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा इन कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि नामांकित किए गए हैं। मुख्य अतिथियों में मुख्यमंत्री, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ विधानसभा, मंत्रीगण, संसदीय सचिवों, विधायकों के नाम शामिल किए गए हैं। नामांकित नामों के अनुसार मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सरगुजा और बस्तर में आयोजित विश्व आदिवासी दिवस के कार्यक्रम में शामिल होंगे।

विश्व आदिवासी दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जांजगीर-चांपा जिले में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत, बिलासपुर जिले में गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, दुर्ग जिले में पंचायत एवं ग्रामीण विकास रविन्द्र चौबे, कबीरधाम (कवर्धा) में वन एवं परिवहन मंत्री मोहम्मद अकबर विश्व आदिवासी दिवस के कार्यक्रम में शामिल होंगे। रायपुर में नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया, सुकमा में उद्योग मंत्री कवासी लखमा, कोरबा में राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, बालोद जिले में महिला एवं बाल विकास मंत्री अनिला भेंड़िया, कोण्डागांव में आदिम जाति कल्याण मंत्री मोहन मरकाम, रायगढ़ जिले में उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल विश्व आदिवासी दिवस के कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुंगेली जिले में ग्रामोद्योग मंत्री गुरू रूद्रकुमार, बलरामपुर-रामानुजगंज में संसदीय सचिव चिन्तामणी महाराज, महासमुन्द में संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव, बेमेतरा जिले में संसदीय सचिव गुरूदयाल सिंह बंजारे, कांकेर जिले में संसदीय सचिव शिशुपाल शोरी, कोरिया जिले में संसदीय सचिव पारसनाथ राजवाड़े, मोहला-मानपुर- अम्बागढ़ चौकी जिले में संसदीय सचिव इन्द्रशाह मंडावी, बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में संसदीय सचिव चन्द्रदेव प्रसाद राय, राजनांदगांव जिले में विधायक दलेश्वर साहू विश्व आदिवासी दिवस के कार्यक्रम में शामिल होंगे।

इसी प्रकार गरियाबंद जिले में विधायक अमितेष शुक्ल, सक्ती जिले में विधायक रामकुमार यादव, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले में विधायक के.के. धुरव, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी- भरतपुर जिले में विधायक गुलाब कमरो विश्व आदिवासी दिवस के कार्यक्रम में शामिल होंगे। जशपुर जिले में विधायक विनय कुमार भगत, धमतरी जिले में विधायक डॉ. लक्ष्मी धुरव, दंतेवाड़ा जिले में विधायक देवती कर्मा, नारायणपुर जिले में विधायक चंदन कश्यप, सूरजपुर जिले में विधायक प्रेमसाय सिंह टेकाम, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में विधायक यशोदा वर्मा, सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में विधायक उत्तरी गणपत जांगड़े और बीजापुर जिले में विधायक विक्रम मण्डावी विश्व आदिवासी दिवस के कार्यक्रम में शामिल होंगे।